लोको पायलट अनुदेश क्रमांक 03/2025

विषय : धुंध और कोहरे के मौसम में गाडियों का संचालन तथा शीतकालीन सावधानियाँ।

1. यदि सेक्शन में अत्याधिक कोहरा है तथा उसके कारण गाड़ी को नियंत्रित गति से चलाना आवश्यक हो तो संबंधित स्टेशनों को व TLC को इस संबंध में अवश्य अवगत करावे।

2. गेट मेन तथा Road user हेतु सीटी का अधिकतम उपयोग करें।
3. मार्ग में धुंध, कोहरे का आभास होते ही लोको पायलट कंट्रोलर / स्टेशनमास्टर(अगले स्टेशन के) को तुरंत कोहरे/कुहासे के बारे में सूचित करें।

4. SR 4.08-3 के अनुसार : गाडियों की गति घने कोहरे एवं धुंध के मौसम में निम्नानुसार रहेंगी :-
   a) लोकोपायलट लोड, ब्रेक पॉवर तथा दृश्यता के अनुसार गाडियों की गति नियंत्रित करेंगे।
   b) Absolute ब्लॉक सेक्शन वाले खण्डों में वे गाड़ी की गति को इस प्रकार नियंत्रित करेंगे ताकि वे किसी भी अवरोध के पहले रूक सकें तथा गाड़ी की गति 60 KMPH से अधिक न हो। (यदि FSD कार्यरत है तो अधिकतम 75 kmph)
   c) ऑटो मैटिक खण्डों में गाड़ियों की गति signal aspect के अनुसार निम्नप्रकार से रहेगी :

   हरा – 60 KMPH अधिकत्तम (यदि FSD कार्यरत है तो अधिकतम 75 kmph)
   दो पीला - 30 KMPH अधिकत्तम
   एक पीला - इतनी कम की अगले रोक सिगनल पर खड़ी कर सकें।

5. उचित मात्रा में पटाखे कैब में उपलब्ध रखें।
6. किसी भी कारण वश सेक्शन में गाड़ी खड़े होने पर गाड़ी का नियमानुसार बचाव तुरंत करें।
7. दृश्यता साफ न होने पर टनल तथा पुलों पर सहायक लोको पायलट द्वारा पायलटिंग करायें।

8. हैड लाइट कमजोर होने की अवस्था में TLC को सूचित करें तथा लॉग बूक में दर्ज करें।

9. सभी रोक सिग्नलों के दो OHE mast पूर्व सिग्मा बोर्ड लगाये गये है, ताकि लोको पायलटो को कोहरे के समय द्रश्यता स्पष्ट न होने पर रोक सिग्नलों की लोकेशन का पूर्वाभास हो सके। इसे संज्ञान में रखे व कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे।

10. गाड़ी का चार्ज लेते समय वायपर्स, सैंडर्स का कार्य करना सुनिश्चित करें तथा सुखी रेत पर्याप्त मात्र में सैंडबॉक्स में भरवा लें।

11. Air dryer का कार्यरत होना सुनिश्चित करें तथा खराब होने पर TLC को सूचित करें, प्रत्येक ठराव पर moisture drain करें।

12. स्टालिंग प्रोन सेक्शन पर 30 KMPH या उससे कम के सतर्कता आदेश मिलने पर TLC को सहायता इंजिन हेतु पूर्व सूचना दें।

13. बैंकर तथा सहायता इंजिन के पिछले मार्कर लाइट को लाल स्थिति में रखें।

सभी लोको निरीक्षक सभी लोको कर्मचारी को councel करे एवं अधिक से अधिक फुटप्लेट 00.00 से 5.00 बजे के बीच करें।

सभी लोको पायलट तथा सहा. लोको पायलट उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

मध्यरेल

मंडलकार्यलय
टी.आर.ओ,विभागनागपुर

सं : नाग/टीआर/ओ/संरक्षा-/CLI INST/25

दिनाक :21.01.2025

प्रतिलिपि : मु.वि.इंजी (परिचालन)/सी एस टी मुंबई को सूचनार्थ।
: उप मु.वि.इंजी(परिचालन /सी.एस.टी.मुंबई को सूचनार्थ।
: व.मं.म.अधिकारी नागपुर को सूचनार्थ।
:सभी मुख्य कर्मी नियंत्रक :समस्त रनिंग कर्मचारी को सूचित कर पावती लें।
: मुख्य लोको निरीक्षक : नामित लोको पायलोटों को काउन्सलिंग कर पावती हेतु।
का.प्र.के./अजनी प्रशिक्षण में शामिल करने हेतु।
मु.क.लो.नि नागपुर को सूचनार्थ

/व.मं.वि.इंजी./टी.आर.ओ/नागपुर